तापमान

अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4 छोटे कोसीर में कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### राशन दुकान में स्टॉक की कमी, एजेंसी निलंबित

**रायगढ़।** जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन ने पीडीएस नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकान को निलंबित कर दिया है। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 411001089 की जांच के दौरान संचालक द्वारा हितग्राहियों को वितरित किए गए खाद्यान्न में अत्यधिक मात्रा में स्टॉक की कमी पाई गई। साथ ही वितरण में नियमों का उल्लंघन किए जाने के प्रमाण मिलने पर संबंधित संचालन एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि लगभग एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद अध्यक्ष सचिव एवं विक्रेता संचालन एजेंसी समलेश्वरी महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित नया गंज इतवारी बाजार रायगढ़ द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

### डाकघरों में मिलेगी डिजिटल भुगतान की सुविधा

**रायगढ़।** डाक विभाग डिजिटल क्रांति की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में अब डाकघरों में क्यूआर कोड स्कैन एवं कार्ड स्वाइप स्कैन एंड पे मशीन के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। यह नई सुविधा रायगढ़ संभाग के सभी विभागीय डाकघरों में लागू हो चुकी है, जिससे ग्राहकों को अब नकद भुगतान से राहत मिलेगी। डाकघरों में शुरू की गई इस डिजिटल भुगतान सुविधा के तहत वर्तमान में स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं अन्य डाक सेवाओं के लिए शुल्क का भुगतान किया जा सकता है।

### 75 लाख की लागत से बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम बसंतपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से 75 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से ग्राम बसंतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुसज्जित नवीन भवन निर्मित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्मित होने से बसंतपुर सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों नागरिकों को समय पर उपचारए नियमित स्वास्थ्य जांच, मातृ.शिशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को उपचार के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाने की मजबूरी से राहत मिलेगी। भवन उपलब्ध होने से चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा।

### हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष ने किया संवाद

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत जिले के प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने जिले के पारंपरिक हस्तशिल्पियों से रूबरू होकर उनके कार्यए समस्याओं एवं हस्तशिल्प से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष श्रीमती राजपूत ने विकास आयुक्त हस्तशिल्प भारत सरकारए वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा आयोजित डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट वर्कशॉप बेलमेटल क्राफ्ट का निरीक्षण किया तथा शिल्पियों से भेंट.मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के दौरान डिजाइनर दीपक झोरका द्वारा शिल्पियों को नए.नए डिजाइनों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त शिल्पकार ढोकरा शिल्प को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिला सकते हैं। साथ ही एकताल क्षेत्र के शिल्पियों की कलाकृतियों की अन्य राज्यों की तुलना में अधिक स्वीकार्यता, बेलमेटल शिल्प की गुणवत्ता में सुधार, उपयोगी वस्तुओं के निर्माण, ऑनलाइन मार्केटिंग एवं आकर्षक पैकेजिंग की जानकारी भी प्रदान की गई।

### मशीनों में भी लगने लगी है जंग, काम चालू होने से पहले ही हो गई बंद

# महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने में 5 करोड़ खर्च, न रोजगार मिला ना मशीनों का हुआ उपयोग







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गांव की महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने की कोशिश की गई। इसके लिए बरमकेला ब्लॉक के कंडोला गांव में करीब 5 करोड़ से अधिक खर्च भी किया गया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हो सका। वजह गांव बसने से पहले ही उजड़ गई। इस गांव में फ्लाईऐश से ईंट निर्माण के लिए मशीन लगाई गई। ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया, अन्य इकाईयों के लिए भी अलग-अलग शेड् तैयार किए गए। बोर कनेक्शन, फेसिंग समेत अन्य कई काम यहां कराए गए। वहां एक ऐसा स्ट्रक्चर तैयार हो गया जिसमें काम चालू होता तो गांव की महिलाएं लाखों कमाती, लेकिन जैसे खुली आंखों में देखे गए ख्वाब की मानिंद केवल ख्वाब बन कर ही रह गया। जैसे ही परियोजना चालू होने की कगार पर आई वैसे सरकार ही खिसक गई। तब से लेकर अब तक वहां निर्मित भवन बूत की भांति खड़ी है। मशीनों में जंग लग गई है। चमचमाती गेट भी केवल बाहरी शोभा बढ़ा रही है। न कोई उस गेट से आता है और न ही कोई जाता है। वीरान पड़ी है, बस पक्षियों की चहचहाहट ही सुनाई पड़ती है। रात में कोई जाए तो इन परिंदों की आवाज भी उनको डरावनी लगेगी। खास बात यह है कि जिन अधिकारियों ने इस परियोजना को साकार करने जी जान से जुटे रहे उन्होंने भी ऐसी मुंह मोड़ी जैसे कभी वहां कुछ था ही नहीं। इतने बड़े स्ट्रक्चर को खड़े होते देख महिलाओं के सपनों को भी पंख लग गया था, लेकिन उड़ नहीं सके। जो खर्च किया गया था वह पानी में बह गया।

दो साल तक कोरोना कॉल का दंश झेलने के बाद प्रदेश में कुछ काम चालू हो सका था। इसमें एक बड़ा प्रोजेक्ट पूर्ववर्ती सरकार ने चालू किया था महात्मा गांधी ग्रामीण औद्यौगिक पार्क (रीपा)। इस योजना में गांव की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए कई तरह की इकाईयां चालू की गई थी। हर ब्लॉक में एक परियोजना का निर्माण किया गया। इसमें बरमकेला ब्लॉक के कंडोला गांव में भी फ्लाईऐश से ईंट निर्माण की आधारशीला रखी गई। इसे साल 2021-22 से साल 2022-2023 पूरी तरह से चालू करने की योजना पर काम किया गया। भवन, शेड् और अन्य सुविधाएं वहां विकसित की गई। सबकुछ तैयार हो गया। इसमें मशीन सहित निर्माण में करीब 5 करोड़ से अधिक खर्च हुए। काम करने वाली महिलाओं को ट्रेनिंग भी दी गई। दो से चार सौ महिलाएं एक-एक प्रोजेक्ट में जोड़े गए थे, लेकिन जब काम चालू करने की बारी आई तो सरकार गिर गई। फिर तो सारा किया धरा मिट्टी में मिल गई।

#### खास बात

- अब बूत की भांति खड़ी है नव निर्मित भवन और चमचमाती गेट

#### ऐसे खड़े हुए इंनफ्रास्ट्रक्चर

फ्लाईऐश से ईंट निर्माण के लिए तैयार इंनफ्रास्ट्रक्चर में 1 लाख 68 हजार का गेट, 4 लाख से गार्ड रुम, 4.34 लाख से जमीन को समतलीकरण किया गया। फ्लाईऐश शेड् का निर्माण 15.80 लाख में किया गया। 8 लाख में महिलाओं के बच्चों के लिए शिशुपालन कक्ष का निर्माण किया गया। कैरी बेग शेड् निर्माण 19.940 लाख में किया गया। 4 लाख बोर खनन में खर्च किया गया। फेसिंग निर्माण में 10 लाख खर्च आया। ट्रेनिंग सेंटर और टॉयलेट निर्माण में 10.800 लाख खर्च हुए। फेब्रीकेशन शेड् निर्माण 10.800 में किया गया। यह केवल स्ट्रक्चर निर्माण में हुए खर्च है। इसके बाद वहां मशीनें लगाई गई और अन्य काम हुए। 5 करोड़ से अधिक खर्च हुए, लेकिन बेकार हो गया।

#### जिनको मिला है काम अभी भी कर सकते हैं

रायपुर में बैठक में इस योजना पर चर्चा हुई है। आगे कुछ योजनाएं बनाने की बात कही गई है। योजना बंद नहीं हुई है, लेकिन सरकार चेंज होने के बाद कुछ लोगों ने स्वमेव काम छोड़ दिया। कुछ जगहों पर काफी अच्छा काम हो रहा है। जिनको काम मिला है अभी भी कर सकते हैं। इसके लिए बैठक लेकर चर्चा की जाएगी।

**इंद्रजीत बर्मन**
सीईओ जिपं।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में चोरों का धावा, दानपेटी का ताला तोड़ कर नकदी पार



**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खरसिया-रायगढ़ रोड पर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना उस वक्त उजागर हुई जब मंदिर के पुजारी नीरज कुमार द्विवेदी हमेशा की तरह सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और भीतर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। चोरों ने मंदिर के भीतर रखी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें जमा सारी नगदी साफ कर दी थी। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष विमल गर्ग के अनुसार दान पेटी में श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा स्वरूप अर्पित की गई लगभग पच्चीस हजार रुपए की राशि मौजूद थी, जिसे चोर लेकर फरार हो गए। इस चोरी से स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है क्योंकि यह मंदिर क्षेत्र की गहरी आस्था का केंद्र है। सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने का दावा किया जा रहा है।

## मारपीट मामले में आरोपी को पुलिस ने अजमानतीय धाराओं में रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत झोपड़ीपारा में पुरानी लेनदेन की रंजिश को लेकर हुई गंभीर मारपीट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अजमानतीय धाराओं के तहत रिमांड पर भेज दिया है। घटना को लेकर आहत युवक के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी। 12 जनवरी को स्वरूप दास पिता स्व निगईवन्द्र दास उम्र 50 वर्ष निवासी थाना जूटमिल के पीछे झोपड़ीपारा वार्ड क्रमांक 35 ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जनवरी की रात करीब 10 बजे कबीर चौक में झोपड़ीपारा निवासी अनुज यादव द्वारा पुराने आपसी पैसों के लेनदेन की बात को लेकर उसके बेटे भास्कर दास के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसी दौरान आरोपी ने ईंट से भास्कर के सिर के पीछे वार किया तथा अपने हाथ में रखे चाकूनुमा वस्तु से कमर के पीछे हमला किया, जिससे भास्कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आहत भास्कर दास उर्फ मोनू का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अनुज यादव के विरुद्ध धारा 118 (1) भारतीय न्याय संहिता की धाराएं विस्तारित की गईं। पुलिस द्वारा आरोपी अनुज यादव को तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया।

### प्रोफेसर नोडल अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

**रायगढ़।** एसआईआर कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी के आधार पर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक किया गया है। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़नेए विलोपन एवं संशोधन स्थानांतरण हेतु फार्म.6ए फार्म.7 एवं फार्म.8 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिले के समस्त महाविद्यालयों में नियुक्त प्रोफेसर नोडल अधिकारियों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं का शत.प्रतिशत मतदाता पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारियों को फार्म.6ए फार्म.7 एवं फार्म.8 भी प्रदाय किए गए।

## पूरक परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने किया यूनवर्सिटी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



विश्विद्यालय प्रबंधन से की उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग, मिला 7 दिन का समय

शहीद नंदकुमार विश्व विद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में हाल में पूरक परीक्षा आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद जांजगीर-चांपा जिले के दर्जनों छात्रों का आरोप है कि उन्हें मुख्य परीक्षा में फेल कर दिया गया और पूरक परीक्षा में भी उनके उत्तर पुस्तिकाओं का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे नाराज दर्जनों छात्रों ने यूनवर्सिटी का घेराव कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही। छात्रों ने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग की है, जिस पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने उन्हें 7 दिन का समय मांगा है।

बीते दिनों जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी पहुंच कर रिव्यू की मांग की थी और सूचना के अधिकार के तहत अपने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति भी मांगी थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी विश्व विद्यालय ने उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी नहीं दी। वहीं अलग-अलग कारण बता कर छात्रों को गुमराह किया गया। इस नाराजगी में एमएमआ कॉलेज, टीसीआर कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज बलौछा समेत कई कॉलेजों के छात्र बड़ी संख्या में विश्व विद्यालय पहुंचे और जांजगीर-चांपा जिले के एनएसयूआई और विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी का घेराव कर दिया।

इसके बाद छात्रों ने तत्काल उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग की। छात्रों ने कहा कि विश्व विद्यालय पर उनका भरोसा टूट गया है। आश्वासन देने के बावजूद उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया।

#### उग्र आन्दोलन की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने सुपर सप्लीमेंट्री छात्रों के लिए अलग प्रायोगिक परीक्षा और इंटरनल पेपर दोबारा करवाने की मांग की है। छात्रों ने चेतावनी भी दी है कि इस बार यदि उत्तर पुस्तिकाओं का सही मूल्यांकन नहीं हुआ तो वो उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। विश्व विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि सूचना के अधिकार के तहत आवेदन करने वाले सभी छात्रों को 7 दिन के भीतर उनके पते पर उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति उपलब्ध करा दी जाएगी।

## चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर स्थित सलमान पान पैलेस में हुई चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया मशरूका एवं वारदात में प्रयुक्त स्कूटी वाहन बरामद कर लिया है।

आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर 9 जनवरी को इंदिरा नगर निवासी अली रजा 27 वर्ष ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता जाकीर अली द्वारा मोहल्ले में सलमान पान पैलेस नामक दुकान संचालित की जाती है। 8 जनवरी की रात करीब 11.20 बजे दुकान बंद कर ताला लगाकर वे घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब दुकान खोली गई तो ताला टूटा हुआ मिला, अंदर सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला भी टूटा हुआ था। दुकान से राजश्री गुटखा का कट्टा, बीड़ी, सिगरेट, रजनीगंधा, अन्य गुटखा सामग्री तथा लगभग 10 हजार रुपए नकद चोरी हो चुके थे। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रामभांठा जयस्तंभ चौक के पास दो युवक राजश्री गुटखा और सिगरेट का थोक में विक्रय करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं।



## इंदिरा विहार में फेंसिंग तार चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत इंदिराविहार में वन विभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्र की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटीए लगभग 25 मीटर फेंसिंग तार तथा तार काटने में इस्तेमाल किए गए दो लोहे के प्लास जब्त किए गए हैं। घटना को लेकर 19 जनवरी को श्रीमती स्वर्णलता लकड़ा, उप वनक्षेत्रपाल इंदिराविहार प्रभारी वन मंडल रायगढ़ द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वह डिप्टी रेंजर एवं वनरक्षक के साथ इंदिराविहार क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थीं। इसी दौरान दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने तीन व्यक्तियों को वन विभाग द्वारा सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार को निकालते हुए देखा, जबकि कुछ तार स्कूटी में रखे जा रहे थे।

टीम द्वारा पीछा करने पर दो व्यक्ति मौके से फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। मौके पर खड़ी स्कूटी की डिक्की व आसपास करीब 25 मीटर फेंसिंग तार रखा हुआ पाया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शत्रुघन बरेठ पिता खिकराम बरेठ निवासी बोईरदादर बताया तथा बताया कि उसके साथ दिनबंधु वैष्णव और संतराम वैष्णव भी चोरी करने आए थे। रिपोर्ट के आधार पर थाना चक्रधरनगर में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### निगम के टैक्स में भी हुआ इजाफा, हर साल सौ-दो सौ मकानों का होंता है निर्माण

# निगम ने थमाया 200 भवन स्वामियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



निगम क्षेत्र में जल संरक्षण नियमों के पालन को लेकर सख्ती तेज कर दी गई है। जनवरी 2021 से 31 दिसंबर 2025 तक पांच सालों में निगम द्वारा 3 हजार 313 भवन निर्माण की अनुमति दी गई। इनमें से 150 मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले 444 मकानों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य था। निगम की जांच में सामने आया कि करीब 200 भवन स्वामियों ने नियमों के बावजूद वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किया, जिसके बाद निगम ने संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। निगम अधिकारियों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्था नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं दूसरी ओर 80 ऐसे मकान हैं जहां वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना है, लेकिन निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है। इन मामलों में निर्माण पूर्ण होने के बाद सिस्टम लगाने की शर्त लागू होगी, जिस पर निगम की निगरानी बनी रहेगी। नगर निगम का कहना है कि बढ़ते भू.जल दोहन और गिरते जलस्तर को देखते हुए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बेहद जरूरी है। इससे बारिश के पानी का संरक्षण होगा और भविष्य में पानी की किल्लत से शहर को राहत मिल सकेगी। अधिकारियों ने साफ किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि निर्माणाधीन भवनों में समय पर सिस्टम लगाने की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम का यह कदम शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अहम माना जा रहा है।

#### मकानों के साथ-साथ टैक्स भी बढ़ा

नगर निगम क्षेत्र में जिस तरह मकान बढ़ रहे हैं उसी तरह टैक्स भी बढे हैं। कुछ साल पहले तक की बात करें तो टैक्स वसूली 100 प्रतिशत से नीचे ही रहता था, लेकिन अब 100 फीसदी से उपर जा रहा है। पिछले साल 106 प्रतिशत टैक्स वसूली हुई है। लक्ष्य से अधिक वसूली नए भवन बनने के कारण ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल 29 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य था इस बार 30 करोड़ हो गया है।

बीते 5 सालों में 3313 भवन निर्माण की अनुमति निगम द्वारा दी गई है। इसमें 444 भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना जरूरी है। करीब 200 भवन मालिकों ने पालन नहीं किया। उन्हें नोटिस देने के बाद अब सुधार हो रहा है।

**सूरज देवांगन**
भवन निर्माण प्रभारी, नगर निगम

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री डहरिया करेंगे क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



**सरसींवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के ग्राम सोनपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ में कसडोल विधायक संदीप साहू, सुनील कुमार साहू, देवसिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में एवम इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि गण तथा कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। सोनपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है, जिनकी व्यापक तैयारियां आयोजक एवम ग्रामवासियों के द्वारा किया गया है प्रतियोगिता में पहला इनाम 50 हजार रुपए व कप, दूसरा इनाम 30 हजार रुपए व कप, तीसरा इनाम 10 हजार रुपए व कप एवं चौथा इनाम 10 हजार रुपए व कप रखा गया है।

### भाजपा की विकसित भारत जी राम जी पर कार्यशाला

**राउरकेला।** राउरकेला में भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा आयोजित विकसित भारत जी राम जी कार्यशाला में गांधीजी के ग्राम्य स्वराज के सपनों को साकार करने और ग्रामीण रोजगार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यशाला का आयोजन राउरकेला सेक्टर 8 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पूर्णिमा केर्केटा ने की। कार्यशाला में जिला प्रभारी बट किशोर मिश्र ने प्रशिक्षण वक्तव्य में बताया कि मनरेगा योजना की पिछली सरकारों में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के कारण गांधीजी के ग्राम्य स्वराज के लक्ष्य पूरे नहीं हो पाए। मजदूरों को निर्धारित 100 दिनों का रोजगार न मिलना, फर्जी नियुक्तियां और मजदूरी वितरण में अनियमितताएं आम समस्या रही हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में इस योजना में भारी वित्तीय भ्रष्टाचार सामने आया, और ओडिशा भी इससे अलग नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित विकसित भारत फॉर रोजगार और आजीविका मिशन बिल ने इन समस्याओं के समाधान के लिए नए नियम बनाए। इसमें रोजगार अवधि को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और खेती के सीजन में और अनलॉक समय में काम को बंद रखकर मजदूरों को पूर्ण रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।

### विमान दुर्घटना के पायलट नवीन खड़ंगा स्वस्थ होकर लौटे घर

**राउरकेला।** गत 10 जनवरी को राउरकेला के जोल्दा के कंसर गांव के समीप हुई विमान दुर्घटना में अपनी सूझबूझ, साहस और पेशेवर दक्षता से यात्रियों की जान बचाने वाले पायलट कप्तान नवीन खड़ंगा अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। मंगलवार को जेपी अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के बाद, वे घर लौट आए हैं। करीब दस दिनों तक चले उपचार के बाद मंगलवार की दोपहर को उन्हें जेपी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल से विदाई के अवसर पर जेपी अस्पताल प्रशासन की ओर से कप्तान नवीन खड़ंगा का भव्य सम्मान दे कर विदा किया गया। केक काटकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस मौके पर कप्तान नवीन ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, अस्पताल प्रशासन तथा क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और दुआओं से वे शीघ्र स्वस्थ हो सके।

### भाजपा के पूर्व महामंत्री ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने हर साल की तरह इस साल भी अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए कोरवा परिवार के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर कोरवा परिवारों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलकती नजर आई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कृष्ण कुमार राय को अपने बीच पाकर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और उनका स्वागत किया।

### फेस कैप्चर व आधार अपडेशन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# पोषण ट्रैकर ऐप में हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों की ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं की सेक्टरवार प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि पोषण एवं बाल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर ऐप में हितग्राहियों के पंजीयन एवं फेस कैप्चर की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत.प्रतिशत लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाले सेक्टरों के सीडीपीओ को ग्राम पंचायतवार आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा जनपद पंचायत, आरईओ, ग्राम पंचायत सचिवए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के समन्वय से इस कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर की ग्रोथ मॉनिटरिंग रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए बच्चों के वजन एवं ऊंचाई मापन हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में मापन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि बच्चों के पोषण स्तर की नियमित एवं सटीक निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट एवं गरम भोजन वितरण, बच्चों की उपस्थिति तथा केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भोजन वितरण स्थल नहींए बल्कि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इसके लिए केंद्रों में बच्चों की शत.प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण विकसित किया जाए।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेड़वन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि ओपीडी में सर्दी-खांसी, कमजोरी, रक्तचाप एवं शुगर से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक आ रही है। कलेक्टर ने ड्रेसिंग रूम एवं लैब कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक जांच व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही महिला वार्ड का निरीक्षण किया, जहां दस्त से पीड़ित भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनका हाल-चाल जाना। गर्भवती माताओं के त्रैमासिक पंजीयन एवं नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी लेकर उन्होंने प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। आईपीडी की स्थिति पर जानकारी देते हुए चिकित्सकों ने बताया कि प्रतिमाह लगभग 100 मरीज भर्ती होकर उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

# स्वर्ण धनुष यात्रा राज्य की परिक्रमा कर पुरी पहुंची

**राउरकेला।** हिंदू जागरण मंच के बैनर तले मंच के तत्त्वावधान में 2 जनवरी को शहर के हनुमान वाटिका से प्रारंभ हुई पवित्र स्वर्ण धनुष यात्रा 18 दिनों में पूरे राज्य की परिक्रमा कर 19 जनवरी को प्रभु जगन्नाथ धाम पुरी पहुंची और राज्य के अन्य हिस्सों की तरह स्वर्ण धनुष यात्रा के दर्शन व स्वागत को जन सैलाब उमड़ पड़ा।यह यात्रा सनातन आस्था और आध्यात्मिक चेतना का संदेश प्रसारित कर रही है।

राज्य के विभिन्न नगरों और धार्मिक केंद्रों से होती हुई यह यात्रा जब धार्मिक नगरी पुरी पहुची, तो वहा एक अनुपम भक्तिमय वातावरण का सृजन हो गया। पुरी में अपने पड़ाव के उपरांत 20 जनवरी को यह पवित्र यात्रा अयोध्या के लिए प्रस्थान कर गई।पुरी में यात्रा श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक बन गई। बड़ी संख्या में साधु-संत, धर्माचार्य और श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार, प्रार्थनाओं और जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस की स्पष्ट अनुभूति देखी गई। पुरी में यात्रा के दौरान सनातन जागरण संस्था के तत्वावधान में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सनातन मूल्यों का प्रचार-प्रसार, आध्यात्मिक जागरूकता का विस्तार और समाज में सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना रहा। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए तीर्थयात्रियों ने इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अब पुरी से अयोध्या की ओर अग्रसर होती स्वर्ण धनुष यात्रा केवल एक धार्मिक जुलूस नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, सामूहिक आस्था और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक बन चुकी है।

### ट्रैक्टर से कुचल कर मासूम की मौत, नपा के सफाई वाहन से हुई दुर्घटना के बाद रोष

**सुंदरगढ़।** सोमवार को सुंदरगढ़ शहर में एक हृदयविदारक सड़क हादसे में दो वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, जिसके बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि यह दुर्घटना सुंदरगढ़ नगरपालिका के अंतर्गत सफाई कार्य में लगे एक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुई, जो घटना के समय कथित तौर पर शराब के नशे में था। यह हादसा सुंदरगढ़ टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप, कुनाल ट्रांसपोर्ट कार्यालय के सामने घटित हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चा अपने पिता के साथ स्कूटर पर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटर की एक अन्य मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई, जिससे बच्चा असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय पीछे से आ रहा नगरपालिका का सफाई कार्य में लगा ट्रैक्टर बच्चे को कुचलते हुए निकल गया। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आक्रोश जताने लगे। देखते ही देखते क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर नगरपालिका के आधिकारिक कार्य में लगा हुआ था तथा चालक कथित रूप से नशे की हालत में वाहन चला रहा था। इसके अलावा ट्रैक्टर का बीमा भी वैध नहीं बताया जा रहा है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करने घरघोड़ा में विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरघोड़ा




घरघोड़ा में विद्युत उपभोक्ता अधिकार विषय पर एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत उनके वैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। पैरालीगल वालिंटियर्स ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता केवल सेवा प्राप्तकर्ता नहीं हैं, बल्कि कानून के दायरे में उन्हें कई संरक्षण भी प्राप्त हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता और विवाद निपटारा शिविर के दौरान नालसा की योजनाओं का प्रचार करते हुए बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत पात्र व्यक्ति कैसे 'निःशुल्क कानूनी सहायता' प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को बताया गया कि वे अपने बिजली संबंधी विवादों का समाधान उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और लोक अदालत के माध्यम से त्वरित और सुलभ तरीके से कर सकते हैं।इस जागरूकता अभियान में पैरालीगल वालिंटियर बालकृष्ण, टीकम सिदार और लवकुमार चौहान ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने ग्रामीणों को विद्युत अधिनियम, 2003 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण 'विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम' और 'लोक अदालत' के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं। बिचौलियों के शोषण से बचने के लिए सीधे विधिक मंचों का सहारा लेने की सलाह दी गई। ने शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम निषेध और पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया। ग्रामीणों को समझाया गया कि बच्चों का शारीरिक या मानसिक शोषण कानूनन अपराध है और किसी भी आपात स्थिति में वे 'चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ की मदद ले सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य न्याय सबके लिए के संकल्प को पूरा करना और निःशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान करना रहा।

### निदेशक, प्रभारी आरएसपी ने की सीएसआर पहलों की समीक्षा

**राउरकेला।** सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के निदेशक भारी आलोक वर्मा ने कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन तरुण मिश्र के साथ जोल्डा सी ब्लॉक का दौरा कर क्षेत्र में संचालित सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा की। उनके साथ महाप्रबंधक प्रभारी सीएसआर मुनमुन मित्रा, महाप्रबंधक सीएसआर बिभाबसु मलिक तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जोल्डा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि इग्नेस खड़िया एवं जत्रु ओराम ने निदेशक प्रभारी को क्षेत्र में संचालित विभिन्न ग्राम विकास गतिविधियों की जानकारी दी। दौरे के दौरान निदेशक प्रभारी ने पुनर्वास कॉलोनी के निवासियों को उपलब्ध कराई जा रही पेयजल सुविधाओं का अवलोकन किया तथा स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाने में उनकी प्रभावशीलता का आकलन किया। इसके पश्चात उन्होंने आरएसपी की सीएसआर पहल के अंतर्गत उषा सिलाई एवं ग्राम उत्थान के सहयोग से स्थापित जोल्डा स्थित प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र टीसीपीसी का भी भ्रमण किया। उन्होंने केंद्र में कार्यरत महिलाओं से बात चीत की कौशल विकास एवं आजीविका सृजन में उनके प्रयासों की सराहना की तथा ऐसी पहलों की निरंतर सफलता हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके उपरांत उन्होंने जोल्डा फुटबॉल मैदान का भी दौरा किया, जिससे क्षेत्र में खेल एवं युवाओं की सहभागिता को प्रोत्साहन मिल सके। इस दौरे ने पार्श्वांचल क्षेत्रों में सामुदायिक कल्याण एवं सतत विकास के प्रति आरएसपी की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।

# राउरकेला से निकले स्वदेशी संकल्प रथ का सुंदरगढ़ में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुंदरगढ़

राउरकेला से निकली स्वदेशी संकल्प रथ सुंदरगढ़ पहुंची। इस रथ का स्वागत भारतीय जनता पार्टी, सुंदरगढ़ सांगठनिक जिला की ओर से जिला अध्यक्ष गिरीश चंद्र साहू की अध्यक्षता में सुंदरगढ़ अटल चौक पर एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर सुंदरगढ़ स्थित बाईपास रोड बीजू पटनायक चौक से एक विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो डीआरडी, चौक होते हुए अटल चौक तक स्वदेशी रथ के साथ पहुंची। अटल चौक पहुंचने के बाद मुख्य अतिथि सुंदरगढ़ सांसद एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य कल्याण मंत्री जुएल ओराम तथा सुंदरगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष तनया मिश्रा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रथ का स्वागत किया। आयोजित आम सभा में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी रथ यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने का एक संकल्प है। स्थानीय उत्पाद, स्थानीय कारीगर और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम सभी को मिलकर एकजुट होकर कार्य करना होगा।

### राउरकेला में पहली बार हाफ मैराथन का आयोजन, 24 को रन फॉर यूनिटी से बनेगा इतिहास

**राउरकेला।** राउरकेला खेल जगत में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। सेल राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी की ओर से 24 जनवरी को शहर में पहली बार राउरकेला हाफ मैराथन रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि फिटनेस सामाजिक एकता और शहर के गौरव का उत्सव माना जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, मैराथन की शुरुआत सुबह तड़के होगी और नागरिकों से अपील की गई है कि वे सुबह 5.45 बजे ईस्पात स्टेडियम पहुंचकर धावकों का उत्साह बढ़ाएं। स्टेडियम परिसर और आसपास का क्षेत्र इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य केंद्र होगा, जहां खिलाड़ियों के साथ साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों और शहरवासियों की उपस्थिति रहने की संभावना है। इस मैराथन में सभी आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न श्रेणियां रखी गई हैं। इनमें 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथनए 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2 किलोमीटर की दौड़ शामिल हैं। इससे न केवल पेशेवर धावकों, बल्कि युवाओं, महिलाओं और बच्चों को भी इस आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# इस्पात संयंत्र में आयोजित 58वीं वार्षिक उद्यान कृषि प्रदर्शनी में दिए गए 262 पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राउरकेला

सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के उद्यानकृषि विभाग द्वारा 17 और 18 जनवरी को जुबली पार्क में आयोजित 58वें वार्षिक उद्यानकृषि प्रदर्शनी 2026 में फूल, पत्ते, फल, सब्जियां, फूलों की सजावट, गार्डन ले आउट आदि विभिन्न श्रेणियों में 262 पुरस्कार प्रदान किए गए।

18 जनवरी को आयोजित समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन तरुण मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह के अन्य सम्मानित अतिथि कार्यपालक निदेशक खान विकास सीएमएलओ बी के गीरी, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन, अनिल कुमार, उपाध्यक्ष दीपिका महिला संघति श्रीमती रीता रानी, मुख्य महा प्रबंधक नगर इंजीनियरिंग एवं उद्यानकृषि बीके जोजो महा सचिव डीएमएस श्रीमती सारिका कुमार थे। संयंत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में आगंतुक इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कट फूल गमले में लगे पौधे, फल और सब्जियों के सभी श्रेणियों में सबसे ज़्यादा कुल अंक हासिल करने के लिए बी161 सेक्टर 6 के निवासी नीलमणि परिडा को डीआईसी चैंपियन ट्रॉफी के साथ 6,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने एच.172, सेक्टर 6 के निवासी नटबर राणा को डीआईसी रनर अप ट्रॉफी के साथ 4000 रुपए का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया।

### कांग्रेस ने दिया समर्थन, डीबीसीएल परियोजना पर रोक की मांग

# कुत्रा में अवैध भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासियों का आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुंदरगढ़

■ ग्राम सभा और पेसा कानून के उल्लंघन का आरोप




सुंदरगढ़ जिले के कुत्रा प्रखंड में डीबीसीएल कंपनी द्वारा कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के विरोध में आदिवासी समुदाय का आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे इस आंदोलन को कांग्रेस पार्टी ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।

प्रभावित पंचायतों के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण पिछले कई दिनों से धरना.प्रदर्शन कर रहे हैं और कंपनी से जुड़ी परियोजना स्थलों की ओर जाने वाले भारी वाहनों तथा व्यावसायिक परिवहन को रोक दिया गया है। आंदोलनकारियों का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी भूमि का अधिग्रहण ग्राम सभा की अनुमति के बिनाए उचित मुआवजा दिए बिना तथा वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रावधानों की अनदेखी कर किया जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और जिला पदाधिकारियों ने आंदोलन स्थल का दौरा कर आदिवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर उद्योगपतियों के हित में काम करने और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्राम सभा की सहमति के बिना किया गया कोई भी भूमि अधिग्रहण अवैध और असंवैधानिक है तथा परियोजना से जुड़े सभी कार्य तत्काल रोके जाने चाहिए।

# आदर्श पाठागार के समर्थन में एकजुट हुए कई संगठन

**राउरकेला।** जब राज्य सरकार ओड़िया अस्मिता की बात कर रही है उसी समय राउरकेला इस्पात कारखाना सेल आरएसपी ने ओड़िया अस्मिता पर प्रहार करते हुए 67 वर्षों पुरानी संस्था आदर्श पाठागार तथा भंज भवन को जबरन अपने कब्जे में लेकर ताला लगा दिया है।

1958 में भाषा साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए स्थापित आदर्श पाठागार को तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. विश्वनाथ दास ने वर्ष 1974 में 3 एकड़ 19 डिसिमिल भूमि 30 वर्षों की अवधि के लिए निःशुल्क लीज पर दी थी, जिसकी अवधि 06 जनवरी 2004 तक थी। इस संस्था ने अपनी सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के कारण पूरे राज्य में एक विशिष्ट पहचान बनाई है और ओडिशा के साहित्य, रंगमंच, कला व संस्कृति की प्रतिभाओं को विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया है। भंज परियोजना के निर्माण में राउरकेला इस्पात कारखाने के कर्मचारियों, शहर के ओड़िया प्रेमी नागरिकों, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय, पूर्व मंत्री व विधायक सुब्रत तराई, राजा राममोहन राय फाउंडेशन, पश्चिम ओडिशा विकास परिषद, उद्योगपतियों, व्यापारियों तथा तत्कालीन आरएसपी प्रमुख डॉ. सनक मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वर्ष 1982 में भंज सांस्कृतिक न्यास नाम से एक ट्रस्ट बनाकर इस परियोजना की जिम्मेदारी दी गई। आदर्श पाठागार द्वारा समय समय पर पुस्तक मेलाए कुमार पूर्णिमा, रज महोत्सव, मासिक साहित्य सभा, पणा संक्रांति, महापुरुषों की जयंती तथा छात्रों के बौद्धिक विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

लाइफ Style


# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।



## हॉलीवुड मसाला




# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

## टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी।' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।





**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

*नई दिल्ली। 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिखाई संदेश रथ को हरी झंडी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टर कार्यालय परिसर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन संदेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संदेश रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही रथ के माध्यम से गांव. गांव जाकर किट के जरिए पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के पेयजल की शुद्धता की जानकारी मिल सके।

### स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को मिला 6 कम्प्यूटर सेट

**घरघोड़ा।** महावीर एनर्जी एवं कोल बेनेफिकेशन लिमिटेड द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को अनुविभागीय अधिकारी रा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की उपस्थिति में महावीर एनर्जी के वरिष्ठ महाप्रबंधक एस के साहू एवं उनके कर्मचारियों द्वारा 06 नग कंप्यूटर सेट प्रिंटर सेट के साथ प्रदाय किया गया।

### 22 को एसआईआर दावा आपत्ति की अंतिम तिथि

**सारंगढ़।** एसआईआर में दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 है। इस दौरान नोटिस प्राप्त मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ से सम्पर्क कर अपने समस्या का निराकरण कर सकते हैं। पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र मतदाताओं के नाम काटने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। जो युवा वोटर 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 साल के हो गए हैं या 1 अक्टूबर 2026 तक हो जाएंगे।

## निधन/श्रद्धांजलि

### प्रकाश सैनी



**पुसौर।** हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर सहित क्षेत्र के कई स्कूलों में पदस्थ रहे शिक्षक प्रकाश सैनी का निधन हो गया। उन्होंने 95 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके पढाए हुए छात्र जो अब वे भी 65-70 के उम्र तक पहुंच चुके हैं। सैनी गुरूजी मानवीय संबंधों का एक मिशाल कायम किया है जो पारिवारिक संबंधों को प्राथमिकता देने के साथ ही व्यवहारिक संबंधों को बरकरार रखा।

### श्यामा भईया

**बिलाईगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी एवं वरिष्ठ राजनीतिक व्यक्तित्व श्याम सुंदर अग्रवाल श्यामा भैया के निधन से संपूर्ण बिलाईगढ़ अंचल शोकाकुल है। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरा नगर एक सच्चे मार्गदर्शक और जनप्रिय नेता को खो बैठा है। दिवंगत श्यामा भईया के सम्मान में थाना मैदान, बिलाईगढ़ में श्रद्धांजलि सभा एवं शांति भोज का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति रही।


**सूचना**

सार्वजनिक सूचित किया जाता है कि मैं कीर्ति कुमार जेकब धर्मजयगढ़ निवासी धर्मजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) मेरा मूल दस्तावेजों से भरा बैग रामगढ़ रोड स्थित घर से फोटोकापी व लेमिनेशन आदि कार्य से जाने समय रास्ते में दिनांक 28/12/2025 को कहीं गिर गया है।

उक्त बैंग में मेरे कई महत्त्वपूर्ण मूल दस्तावेज थे जैसे-B.T.I, निवास, जाति प्रमाण पत्र 5वी 8वीं 10 वीं के खेल कूद, आदि अन्य दस्तावेज शामिल थे।

जिस किसी भी सज्जन को प्राप्त होता हैं मेरे को लाकर देने वाले को 8000 का ईनाम तत्काल दिया जायेगा।

धन्यवाद

कीर्ति कुमार जेकब
मरिजद पारा धर्मजयगढ़
मो. 9009998985


### महिला कर्मचारियों ने भी रस्साकसी में दिखाया दम

# कर्मचारियों ने कलम छोड़ हाथों में थामा बल्ला, लगाया छक्का और चौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत रायगढ़ के तत्वावधान में आयोजित जिला-जनपद प्रीमियर लीग 2026 अंतर्गत दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट एवं महिला वर्ग रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को डिग्री कॉलेज लाल मैदान में किया गया। स्पर्धा में जिले के 07 जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायत रायगढ़ की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शनिवार को सभी टीमों के मध्य नॉकआउट मुकाबले खेले गए।

- खेल भावना और उत्साह से सराबोर रहा आयोजन

रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जनपद पंचायत पुसौर ने जनपद पंचायत धरमजयगढ़ को 50 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में जनपद पंचायत रायगढ़ ने जिला पंचायत रायगढ़ को 8 विकेट से हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में जनपद पंचायत धरमजयगढ़ ने जिला पंचायत रायगढ़ को 5 विकेट से पराजित किया।




शील्ड के साथ विजेता टीम।

फाइनल मुकाबला जनपद पंचायत पुसौर एवं जनपद पंचायत रायगढ़ के मध्य अत्यंत रोमांचक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जनपद पंचायत पुसौर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 102 रनों का लक्ष्य रखा, जिसमें सलामी बल्लेबाज जितेन्द्र ने मात्र 13 गेंदों में 27 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जनपद पंचायत रायगढ़ की टीम 86 रन ही बना सकी। रायगढ़ की ओर से परम कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 44 रन बनाए, किंतु टीम को जीत नहीं दिला सके। इस प्रकार जनपद पंचायत पुसौर ने फाइनल मुकाबला 15 रनों से जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पुसौर के कप्तान विवेक गोस्वामी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में 3 विकेट लेकर मैच का रुख निर्णायक रूप से बदल दिया। क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ साथ महिला वर्ग रस्साकस्सी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में जनपद पंचायत लैलूंगा एवं तमनार की टीमें आमने सामने रहीं, जिसमें जनपद पंचायत लैलूंगा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जनपद पंचायत पुसौर एवं द्वितीय स्थान जनपद पंचायत रायगढ़ ने प्राप्त किया, वहीं रस्साकस्सी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जनपद पंचायत लैलूंगा तथा द्वितीय स्थान जनपद पंचायत तमनार को मिला। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच तथा संपूर्ण टूर्नामेंट के लिए बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा प्रदान किए गए। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच विवेक गोस्वामी रहे। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जिला पंचायत रायगढ़ की टीम से अमित सिदार को 97 रनों के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार विवेक गोस्वामी को 8 विकेट लेने पर मिला, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब ग्राम रोजगार सहायक, जनपद पंचायत रायगढ़ के परम कुमार को 110 रन एवं 7 विकेट के उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।



# सरसीवा उपार्जन केंद्र में मिला 376 बोरी अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

धान उपार्जन केंद्र सरसीवा में 376 बोरी अवैध धान मिली है। इसे तहसीलदार ने जब्त कर लिया है। तहसीलदार आयुष तिवारी द्वारा अवैध धान की जब्ती बनाकर फड़ प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया हैं।

उपार्जन केंद्र में इतनी अधिक मात्रा में बढ़त धान मिलना कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का सच है, जो किसानों की मेहनत से उपजे अन्न को कागजों की कलाबाजी और सत्ता संरक्षण के सहारे हजम करने का साहस कर रही है। 376 बोरी अतिरिक्त धान का सामने आना महज प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि घोर लापरवाही का प्रमाण है। किसानों का कहना है कि अधिकांश उपार्जन केंद्रों में निर्धारित 40.700 किलोग्राम के स्थान पर 41.300 से 41.500 किलोग्राम तक धान लिया जा रहा है। इसके बाद उक्त धान को सूखत जैसे सुविधा जनक बहानों की आड़ में कागजों में हेरफेर होता है और वही अतिरिक्त धान अंततः मंडी परिसर में अवैध स्टॉक के रूप में प्रकट होता है। यह केवल तौल की गड़बड़ी नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, उनके हक और शासन के राजस्व तीनों पर एक साथ किया गया सुनियोजित प्रहार है।

> उपार्जन केन्द्र सरसीवा में भौतिक सत्यापन टीम के साथ किया गया। जिसमें स्टॉक मिलान करने पर 376 बोरी धान अधिक पाया गया। जिसका प्रकरण बना कर धान को जब्त कर फड़ प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया है। फड़ प्रभारी से इस मामले में पूछताछ की गई है।
>
> **झाड़ राम साहू**
> **किसान समिति अध्यक्ष सरसीवा**

# तीन धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम कोतरी, हरदी एवं भेड़वन स्थित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही धान खरीदी की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोतरी धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान किसान कृष्ण कुमार केशरवानी द्वारा लाए गए धान की जानकारी ली गई। किसान ने बताया कि वे लगभग 50 एकड़ भूमि के कृषक हैं और दूसरे टोकन के अंतर्गत करीब 900 कट्टे धान लेकर केंद्र पहुंचे हैं। प्रभारी ने बताया कि आज कुल 19 किसानों के टोकन काटे गए हैं तथा तौल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बड़े किसानों का फिजिकल सत्यापन



अनिवार्य रूप से कराने के बाद ही टोकन काटे जाएं। साथ ही जितनी मात्रा में धान का विक्रय किया जाए, उसके अनुरूप किसानों का रकबा समर्पण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खराब गुणवत्ता, बदरा युक्त अथवा पुराना धान किसी भी स्थिति में खरीदी नहीं किया जाएगा। यदि खराब धान पाया जाता है तो पंचनामा बनाकर उसे वापस करने की कार्यवाही की जाए।



### छोटे कोसीर में कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ

**कटेली।** सारंगढ़ विखं सारंगढ़ अन्तर्गत ग्राम कोसीर छोटे में 20 जनवरी को कलश यात्रा के साथ मंगलाचरण कथा आरंभ 21 जनवरी बुधवार को कपिल अवतार ध्रुव चरित्र 22 जनवरी को जड भरत कथा नरसिंह अवतार की कथा 23 जनवरी श्रीराम कथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 24जनवरी बाल लीला गोवर्धन पूजन छप्पन भोग, 25 जनवरी महारास वर्णन कंशबध रुक्मणी विवाह 26 जनवरी सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्वव संवाद, परीक्षित मोक्ष तथा 27 जनवरी को तुलसी वर्षा गीतापाठ, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति का कार्यक्रम साहू परिवार द्वारा आयोजित की गई है। कथा व्यास भागवताचार्य पंडित राजेन्द्र कुमार पाणिग्राही के मुखारबिंद से भगवती राधास्वामी के अलौकिक, संगीतमयी कथा की वर्षा कोसीर छोटे मे सभी श्रोता रसपान करेंगे।

# सरसींवा में संचालित सरस्वती ज्ञान मंदिर निजी विद्यालय मानकों पर नहीं उतरता खरा

**सरसींवा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निजी विद्यालयों के संचालन के लिए निर्धारित मानकों का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण प्रदान करना है। किंतु सरसींवा क्षेत्र में संचालित एक निजी विद्यालय सरस्वती ज्ञान मंदिर की वर्तमान स्थिति इन मानकों की वास्तविकता पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़े करती है।


- ऐसे निजी विद्यालयों भौतिक जांच आवश्यक

यह विद्यालय एक किराए के आवासीय मकान में संचालित हो रहा है जहां मकान मालिक का परिवार भी निवासरत है। विद्यालय संचालन के लिए पृथक एवं उपयुक्त भवन की अनिवार्यता के बावजूद आवासीय परिसर में कक्षाओं का संचालन किया जाना स्वयं में ही नियमों की भावना के विपरीत माना जा रहा है। गौरतलब है कि इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए पृथक शौचालयों की व्यवस्था तक नहीं है। बताया गया है कि विद्यालय में उपलब्ध एकमात्र शौचालय का उपयोग मकान मालिक का परिवार करता है, और वही शौचालय बच्चों द्वारा भी उपयोग में लाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार केजी 1 से कक्षा दसवीं तक संचालित इस विद्यालय में लगभग 170 विद्यार्थियों का पंजीयन बताया गया है। इस छात्र संख्या के अनुपात में विद्यालय की भौतिक संरचनाए संसाधन एवं सुविधाएं शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों पर खरी उतरती नहीं दिख रहीं है। वही यह विद्यालय मुख्य सड़कमार्ग से लगा हुआ है जहां किसी प्रकार से न कोई बाउंड्रीवाल है न कोई उचित सुरक्षा के साधन जिससे कभी भी बच्चो के साथ अप्रिय दुर्घटना भी हो सकती है। वहीं जब विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता डीएडबीएड छात्र शिक्षक अनुपात, विद्यालय शिक्षा शुल्क, आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों की संख्या एवं अन्य जानकारियां विद्यालय प्रशासन से मांगी गईं, तो विद्यालय के प्राचार्य ने यह कहते हुए जानकारी देने से इंकार कर दिया कि आधिकारिक पत्र लाने पर ही जानकारी दी सकती है। सूत्रों का मानना है कि शिक्षा जैसे सार्वजनिक महत्व के क्षेत्र में इस प्रकार की अनिच्छा पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

### 23 जनवरी को खरसिया में मनाई जाएगी परमहंस तिगडानिया जयंती

**खरसिया।** भगतराम किशन तिगड़ानिया परिवार के द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अवधुत संत बाबा परमहंस तिगड़ानिया की जयंती 23 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर के गंज बाजार स्थित मंदिर में भजन, कीर्तन सहित विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। गौरतलब है कि बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित उपरोक्त समस्त कार्यक्रम खरसिया शहर के गंज स्थित मंदिर परिसर में होंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के सदस्यों ने बताया की 23 जनवरी को आरती एवं दर्शन कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रखा गया है एवं मंदिर परिसर में भजन, कीर्तन का कार्यक्रम पूरे दिन भर चलेगा, साथ ही भोग भण्डारा दोपहर 12.30 बजे सेएसंध्या आरती संध्या 7.30 बजे गंज बाजार खरसिया में होगी तिगड़ानिया परिवार ने समस्त नागरिक बंधुओ, धर्म प्रेमियों को इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने तथा समस्त कार्यक्रमों में सह परिवार शामिल होकर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है।



# धान खरीदी में अनियमितता, समिति के चार कर्मचारियों पर गिरी गाज

**सारंगढ़।** धान खरीदी में कई तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें धान खरीदी केंद्र लेंधरा बरमकेला के रामकुमार पटेल, कटेली के निलेश जायसवाल, छिंद लिमगांव के मुकेश गुप्ता और खीक राम साहू के कार्य पर लगी रोक

सेवा सहकारी समिति लेंध्रा पंक्र 106 यहाँ के सहायक समिति प्रबंधक रामकुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जाँच में पाया गया कि केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 2145 नग धान भरे बोरे वजन 858 क्विंटल अधिक पाए गए, जो रिसाइक्लिंग और फर्जी परिवहन की ओर इशारा करते हैं। सतर्क ऐप से भी अलर्ट प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति कटेली पं क्र 1563 के सहायक समिति प्रबंधक निलेश जायसवाल को भी निलंबित किया गया है।

यहां निरीक्षण में पाया गया कि बार बार निर्देश देने के बावजूद यहाँ ढाला पद्धति से धान का परीक्षण नहीं किया जा रहा था और सीधे बोरे में भरकर तौल की जा रही थी, जो घोर लापरवाही है। सेवा सहकारी समिति छिंद पंक्र 171 केंद्र के धान उपार्जन केंद्र लिमगांव के समिति प्रबंधक नवीन संवर्गद्ध मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा शासन के निर्देशों के विपरीत कार्य करने और स्वेच्छाचारिता बरतने के कारण उनका वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इसी केंद्र लिमगांव के फड़ प्रभारी खीकराम साहू को धान खरीदी कार्य में लापरवाही और मनमानी करने के चलते तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से हटा दिया गया है।

# कुम्हारी में किसानों से लिया जा रहा तय मात्रा से ज्यादा धान




**घौठला बड़े।** बरमकेला क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति ग्राम कुम्हारी में प्रबंधक द्वारा 41.200 केजी तक धान लिया जा रहा है। नियम के अनुसार किसान से 40 किलो और बोरी का 500 ग्राम लेना होता और दोनों को मिलाकर 40.500 लेना रहता है , लेकिन यंहा तो किसानो को ठगने का काम किया जा रहा है प्रबंधक छन्दा पटेल के द्वारा, कांटा में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है की 41.200 किलोग्राम तौला जा रहा है, और किसानो की हक़ पर डाका डाला जा रहा है। खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे ने इस मामले में कहा क अगर तौल से अत्यधिक ले रहे हैं तो मैं एक बार जाकर निरीक्षण करता हूं उसके बाद फिर कार्रवाई किया जाएगा।

# सब्र का टूटा बांध, टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

आखिरकार पुसौर के किसानों का भी सब्र का बांध टूट ही गया। हालात यह रहा कि टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने करीब दो घंटे तक चक्का जाम कर दिया। इससे तहसील के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई है। किसानों ने जमकर शासन के खिलाफ नारेबाजी भी किया। रोड दोनों ओर दर्जनों की संख्या मे भारी वाहन जाम हो गए थे। ज्ञात हो कि धान खरीदी कार्य 31 जनवरी तक ही चलेगा इसके बाद किसान धान नहीं बेच पाएंगे इसलिए किसानों ने यह रास्ता अपनाया ताकि वे अपना धान समय पर बेच सकें।

धरना स्थल पर नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा पहुंचे इन्होंने सबको कार्यालय में बुलाए, लेकिन किसानों ने सड़क पर ही टोकन काटने की जिद करने लगे। जिस पर पुसौर टीआई एवं उनके टीम के लोगों ने किसानों को समझाईश दिया। किसान कार्यालय पहुंचे और वहां लाईन लगाते हुए टोकन के लिए आवेदन लिया गया।



किसानों का कहना है कि तहसील से टोकन की कार्रवाई आगे तो बढ गया अब सोसायटी में फिर से पापड़ बेलना पड़ेगा। चूंकि आवेदनों में लिखा गया है कि नियमानुसार टोकन काटा जाय। अब सोसायटी में प्रबंधक पटवारी आरईओ व जिला के नोडल अधिकारी बैठे हैं जिन्हें रकबा समर्पण करवाने की हिदायद दी गई है। ऐसे में संदेह बना हुआ है कि तहसील के इस आदेश पर रकबा अनुसार धान बिक्री हो पायेगा या नही। धरना स्थल पर रहे केनसरा के पुर्व सरपंच व वर्तमान उप सरपंच डनसेना, कोसमंदा के कई गौटिया परिवार, सिहा के पूर्व सरपंच विनोद गुप्ता सहित सैकड़ों किसानों ने बताया कि शासन द्वारा किए जा रहे धान खरीदी के इतिहास में पहली बार किसानों को अपने धान बेचने के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है जबकि प्रदेश सरकार अपने को किसान हितैशी करार देते हुए आए दिन अपनी पीठ थपथपाती रहती है।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने किया मिलन समारोह

**सरिया।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील बरमकेला, सरिया द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन तहसील संयोजक सुभाष चौहान के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर सुभाष चौहान ने कहा कि फेडरेशन से जुड़े संगठनों के किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के अधिकारों का यदि हनन होता है तो इसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा तथा राजधानी में सीधे तंबू गडकर उनके पक्ष में आंदोलन किया जाएगा। इसमें प्रांतीय संगठन के नेतृत्व में अधिकार की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी उन्होंने कहा कि फेडरेशन के बैनर तले सभी विभागों की मांगों को लेकर प्रमुखता से उठाते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए फेडरेशन सदैव तत्पर रहेगा। इस मौके पर फेडरेशन के तहसील इकाई बरमकेला सरिया के सदस्यों ने कंधे से कंधा मिलाकर एकजुटता का परिचय दिया। तहसील संयोजक सुभाष चौहान ने आगे कहा कि यह समारोह केवल नव वर्ष के स्वागत का प्रतीक है बल्कि अधिकारी और कर्मचारियों के बीच एकजुट और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी संगठन को एक साथ मिलकर काम करने का संदेश देता है।




online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त